नईदुनिया

# Fake Notes in Balaghat : पांच करोड़ के नकली नोट के साथ आठ आरोपित गिरफ्तार

Updated: | Sun, 27 Jun 2021 06:03 PM (IST)



Fake Notes in Balaghat : बालाघाट जिले के आदिवासी इलाके में अंधविश्वास का मकड़जाल फैलाकर नकली नोट खपाने की फिराक में थे आरोपित।

**Fake Notes in Balaghat : बालाघाट(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** बालाघाट पुलिस ने नकली नोट की बड़ी खेप पकड़ी है। जिले के आदिवासी इलाके में अंधविश्वास का मकड़जाल फैलाकर आरोपित नकली नोट खपाने की फिराक में थे। नकली नोट खपाने की फिराक में पुलिस ने बैहर में पांच लोगों को आठ लाख रुपये के नकली नोट के साथ पकड़ा था।

**नईदुनिया**

इनकी निशानदेही पर बालाघाट में एक और आरोपित को गिरफ्तार कर गोंदिया से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनसे बड़ी मात्रा में नकली नोट जब्त किए हैं। पुलिस ने पांच करोड़ रुपये के नकली नोट के साथ 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि बरामद नकली नोट में दो हजार से लेकर 10 रुपये तक के नोट है। आरोपितों में छह बालाघाट और दो गोंदिया जिले के निवासी हैं। नोटांे के कागज की क्वालिटी और नोट में प्रिंटिंग मिस्टेक के कारण नोट फर्जी नजर आते हैं। बहरहाल, इस मामले में पुलिस को और संदेहियों का पता चला है। उनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

**अलग-अलग तरीके से खपाने का करते हैं काम**

- नकली नोट को असली बनाने का ग्रामीणों को देते हैं झांसा।

- जगह-बदल बदलकर नकली नोट चलाने का करते हैं प्रयास।

-गोंदिया से आती थी नकली नोट की खेप।

-बैहर में चार माह में दूसरा केस दर्ज

-मार्च माह में भी पकड़ाए थे करीब साढ़े चार लाख के नकली नोट

**ये गिरफ्तार :** नकली नोट मामले में राहुल (25) पुत्र घनश्याम मेश्राम, अनंतराम (38) पुत्र जंगली पांचे, हरिराम (33) पुत्र रामेश्वर पांचे तीनों निवासी किरनापुर, नन्हूलाल (40) पुत्र किशन विश्वकर्मा उकवा निवासी, सोहन (30) पुत्र भजनलाल बिसेन किरनापुर निवासी, हेमंत (30) पुत्र आत्माराम उईके किरनापुर निवासी व गोंदिया जिले से मुकरू उर्फ मुकेश (30) पुत्र वकतु तवाड़े,कनेरी निवासी,रामू उर्फ रामेश्वर (40) पुत्र घुमर्रा गोरेगांव निवासी को गिरफ्तार किया है।

**Source:** https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/balaghat-eight-accused-arrested-with-fake-notes-of-five-crores-6952462